RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 16 दिसंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 233 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लेने के लिए महाराष्ट्र के स्पीकर को मिला और समय,

# राहुल नार्वेकर ने सुप्रीम कोर्ट से की थी मांग!

महाराष्ट्र : सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और शिवसेना (शिंदे गुट) विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला लेने के लिए 10 जनवरी तक का समय दिया है. इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर से उनके समक्ष लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर 31 दिसंबर तक फैसला करने को कहा था. इसके चलते स्पीकर ने शिवसेना और एनसीपी के बागी विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने के लिए समय बढाने की मांग की थी.

**लाख 70 हजार दस्तावेजों की जांच हुई'**

स्पीकर की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शुक्रवार (15 दिसंबर) को कहा, ''20 दिसंबर को फैसला सुरक्षित रखा जाएगा और कोई अतिरिक्त समय नहीं लिया जाएग. विधानसभा सत्र के दौरान भी मामले पर सुनवाई हु और 2 लाख 71 हजार दस्तावेजों की जांच की गई. मैं फैसले की घोषणा को तीन सप्ताह आगे बढ़ाने की मांग कर रहा हूं. हम और अधिक नहीं मांगेंगे.' इस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि स्पीकर की समय विस्तार की मांग की है और याचिकाओं पर 10 जनवरी 2024 तक फैसला किया जा सकता है.



### कपिल सिब्बल ने किया विरोध

वहीं, वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पिछली बार भी इसी तरह का विस्तार मांगा गया था. इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि स्पीकर ने कहा है कि कार्यवाही 20 दिसंबर को बंद कर दी जाएगी. स्पीकर ने उचित समय विस्तार की मांग की है. पहले से तय समय सीमा को ध्यान में रखते हुए, हम स्पीकर को फैसले के लिए 10 जनवरी, 2023 तक का समय देते हैं. गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश दिया था कि वह शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बागी विधायकों के संबंध में दायर अयोग्यता याचिकाओं पर 31 दिसंबर, 2023 और 31 जनवरी, 2024 तक फैसला करें.

## 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर उद्घाटन पर राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग!

**ठाणे** : अयोध्या में 500 वर्ष बाद नवनिर्मित भव्य श्री राम मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों 22 जनवरी 2024 को होने वाला है। एक लंबी लड़ाई के बाद राम भक्तों को 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सफलता हासिल हुई थी और अयोध्या में 5 नवंबर 2020 को प्रधान मंत्री मोदी के हाथों भूमि पूजन किया गया था। करीब साढ़े तीन वर्ष बाद मंदिर बनकर तैयार हो रहा है। 22 जनवरी रामभक्तों के धार्मिक आस्था का एक ऐतिहासिक दिन है, इसी के मद्देनजर ओवाला मजीवाड़ा विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रताप सरनाईक ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक निवेदन पत्र लिखा है जिसमें 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की गई है।

22 जनवरी को अयोध्या में



प्रधान मंत्री मोदी के हाथों नव निर्मित श्री राम मंदिर के उद्घाटन का भव्य कार्यक्रम आयोजित है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में देश विदेश से राम भक्त अयोध्या पहुंचने वाले हैं। मीरा भायंदर विधान सभा क्षेत्र से 300 राम भक्त पैदल अयोध्या कूच करने वाले हैं। इस दिन देश में दीपावली का उत्सव होने वाला है। गांव-गांव, शहर-शहर में श्री राम कथा, भजन कीर्तन, दीपोत्सव, महाआरती तथा भगवा जल्लोस का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस ऐतिहासिक दिन का इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा सीधा प्रसारण किया जाने वाला है।

## दोस्त पर जानलेवा हमला, विरार से आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई** : अपराध शाखा ने हत्या के प्रयास आरोप में एक आरोपी को विरार से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने आपसी विवाद में झगड़ा कर अपने दोस्त की हत्या कर दी। जिसके बाद वह फरार हो गया था, लेकिन अपराध शाखा ने उस ढूंढकर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामले में जिस आरोपी को गिरफ्तार किया गया है उसका नाम आशीष धनावड़े उर्फ लखन को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक ट्विन्स वाइन शॉप के सामने फुटपाथ पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और आरोपी ने अपने दोस्त की पिटाई कर दी। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले में चूनाभट्टी पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज किया गया। पयलिस को जानकारी मिली कि आरोपी मुंबई से बाहर कहीं गया हुआ है। इसलिए उसकी तलाश करने के लिए टीमें भेजी गेन।

## 'पचास हजार करोड़ रुपये के ड्रग्स किए गए जब्त'

## देवेंद्र फडणवीस ने सदन में दी जानकारी

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र विधानसभा सत्र के दौरान सदन में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नशे से जुड़े आंकड़ों को पेश किया है। विधानसभा में चर्चा के दौरान देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र पुलिस ने बीते दिनों राज्य में लगभग पचास हजार करोड़ की दवाएं जब्त की है। शिवसेना (यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर के सवाल का जवाब देते हुए यह जानकारी दी।



बता दें मुंबई पुलिस ने हाल ही में 300 करोड़ रुपए मूल्य का 151 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया था। कई छापेमारी के दौरान कई शहरों से 12 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन छापेमारी में नासिक जिले के एमआईडीसी शिंदे गावं में एक कारखाने में छापेमारी भी शामिल थी। विधानसभा सत्र के दौरान पुलिस ने मुंबई में दो 2,200 छोटी दुकानों पर नजर रखी है। साथ ही कई दुकानों पर कार्रवाई करते हुए नशे से जुड़ी दवाएं हटाई गई।

विधानसभा में सवालों का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार आयात किए जा रहे हर उन रसायनों पर नजर रख रही है, जिनका इस्तेमाल नशे पदार्थ के लिए इस्तेमाल की जाती है। हमने यह भी पाया है कि बंद फैक्ट्री साइटों का इस्तेमाल दवा उत्पादन के लिए किया जा रहा है। मुंबई पुलिस द्वारा 300 करोड़ रुपये की नशीली दवाओं के भंडाफोड़ के बाद, विपक्ष और सत्ता पक्ष ने मुख्य आरोपी ललित पाटिल को लेकर एक-दूसरे पर निशाना साधा है।

## 'बेरोजगारी और पेपर लीक PM मोदी की गारंटी', विपक्ष ने कसा तंज...

## महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र के छठे दिन विपक्षी दलों के नेताओं ने बेरोजगारी और परीक्षा पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा. महा विकास आघाड़ी गठबंधन के विधायक शुक्रवार को विधान भवन की सीढ़ियों पर एकत्र हुए और सरकार के खिलाफ नारे लगाए. इस गठबंधन में शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का शरद पवार गुट और कांग्रेस शामिल हैं.

### महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, विधायक सतेज पाटिल और सचिन अहीर समेत अन्य नेता बर्तन और पकौड़े लेकर आए थे. पत्रकारों से बात करते हुए दानवे ने दावा किया कि राज्य में बेरोजगार युवाओं की संख्या बढ़ी है. उन्होंने कहा कि सरकार नौकरियों के बारे में विज्ञापन देती रहती है, लेकिन वह रिक्तियां नहीं भरती है. दानवे ने तंज कसते हुए कहा, 'बेरोजगारी और परीक्षा पेपर लीक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी हैं.'

### धारावी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस का निशाना...

यहां राज्य विधानमंडल परिसर है. बता दें, देश की वित्तीय राजधानी के मध्य भागों में स्थित धारावी, कई छोटे पैमाने के, असंगठित उद्योगों का केंद्र है जो दवाइयां, चमड़ा, जूते, कपड़े और अन्य चीजें बनाते हैं. इसे एशिया के सबसे बड़े स्लम समूहों में से एक के रूप में जाना जाता है.

महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के सदस्यों ने बुधवार को धारावी पुनर्विकास मुद्दे पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर हमला बोला है. मुंबई कांग्रेस प्रमुख वर्षा गायकवाड़, जो धारावी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, विधान परिषद में विपक्ष के नेता शिवसेना (यूबीटी) के अंबादास दानवे और विपक्षी दलों के अन्य विधायकों ने विधान भवन की सीढ़ियों पर इस मुद्दे पर नारे लगाए.




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## यूक्रेन-रूस के बीच युद्ध में मास्को को बढ़त

यह प्रतीत हो रहा है कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को आंशिक सफलता मिल रही है। ऐसा इसलिए कि यूक्रेन की 2022 में रूस के हाथों गंवाई गई भूमि दोबारा हासिल करने की उम्मीदें हर बीतते महीने के साथ धूमिल पड़ती जा रही हैं।

अमेरिका और यूरोपीय संघ से यूक्रेन को लगातार मिल रही मदद के अवरुद्ध होने के बाद यूक्रेन अधिक से अधिक यही अपेक्षा कर सकता है कि सैन्य स्तर पर गतिरोध बना रहे। बुरी से बुरी स्थिति में रूस कुछ और इलाकों पर कब्जा कर सकता है।

यूक्रेन का आर्थिक पुनर्गठन एक बड़ा काम बना रहेगा। उसे बहुत बड़े पैमाने पर विदेशी मदद की आवश्यकता होगी जो शायद जरूरत के मुताबिक मिले या ना भी मिले। रूस ने जो सैन्य कार्रवाई की है, उसकी कीमत क्या है? रूस को वित्तीय और व्यापार प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा है, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था ने पश्चिम के उन अनुमानों को धता बता दिया है, जिनमें माना जा रहा था कि उसका तेजी से पतन होगा। यकीनन नुकसान हुआ है, लेकिन उसे थाम लिया गया है। वर्ष 2022 में उसकी अर्थव्यवस्था में 2.1 फीसदी की गिरावट आई और उसके बाद अब उम्मीद है कि 2023 में वह 2.8 फीसदी बढ़ेगी। ताजा तिमाही में 5.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। व्यापार प्रतिबंधों के बावजूद चालू खाता भारी अधिशेष की स्थिति में है। सैन्य व्यय में काफी इजाफा हुआ है और माना जा रहा है कि 2024 में यह दोगुना होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के छह फीसदी के बराबर होने की उम्मीद है, इसका अर्थ है बजट 2.8 फीसदी घाटे में है। परंतु इसमें कोई समस्या नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक व्यय जीडीपी के बमुश्किल 20 फीसदी के स्तर पर है। अनिवार्य सैनिक सेवा, बड़े पैमाने पर प्रवासन और सैन्य उत्पादन पर सरकारी व्यय के कारण बेरोजगारी 2.9 फीसदी के कम स्तर पर है। मुद्रास्फीति 7.5 फीसदी के साथ ऊंचे स्तर पर है और 12.4 फीसदी के साथ ब्याज दरें भी इसी स्तर पर हैं। ऐसा आंशिक रूप से रूबल के बचाव के लिए है जो 22 महीने पहले जंग छिड़ने से अब तक 20 फीसदी गिर चुका है। परंतु शेयर बाजार एक साल में सात फीसदी ऊपर गया है। जंग न होती तो ये संकेतक शायद अधिक बेहतर होते। इसकी बड़ी मानवीय कीमत भी चुकानी पड़ी है। परंतु आर्थिक आंकड़े पश्चिम के अनुमान के मुताबिक नहीं हैं। फरवरी 2022 में प्रतिबंध लगाने की शुरूआत हुई थी। उस वक्त तमाम तरह की बातें की जा रही थीं कि रूस की किलेबंदी हो जाएगी, अर्थव्यवस्था ढह जाएगी वगैरह।

यह भी कहा जा रहा था कि व्लादीमिर पुतिन गंभीर रूप से बीमार हैं। बहरहाल, पुतिन और रूस दोनों ठीक हैं और जंग जारी है। अगर इन प्रतिबंधों का कोई बड़ा असर नहीं हुआ है, तो वह इसलिए कि रूस को चीन और भारत के रूप में अपने तेल के लिए ग्राहक मिल गए। हाल के महीनों में वह 60 डॉलर प्रति बैरल की पश्चिम द्वारा थोपी गई सीमा भी तोड़ने में कामयाब रहा। जिंस कीमतों में तेजी ने निर्यात को अतिरिक्त उछाल प्रदान की है जबकि आयात को तुर्की, लिथुआनिया, मध्य एशिया, ईरान और चीन के रास्ते पूरा किया जा रहा है। कई बार इसके लिए मुद्रा के रूप में युआन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे रूस को दुर्लभ आपूर्तियां जुटाने में मदद मिली है। परंतु इससे वाहन उत्पादन में भारी गिरावट को रोकने में मदद नहीं मिली, जबकि अधिक परिष्कृत विनिर्माण क्षेत्र को सिलिकन चिप्स की कमी तथा पश्चिम की अनेक कंपनियों द्वारा देश में परिचालन बंद करने से नुकसान पहुंचा। परंतु आम रूसी नागरिक कहते हैं कि प्रतिबंधों ने उन्हें ज्यादा प्रभावित नहीं किया।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मानखुर्द साठेनगर की जनता ने बढ़ती अनैतिक गतिविधियों से त्रस्त होकर पुलिस स्टेशन का किया घेराव...

## भूमाफियाओ,नशा बेचने वालों को रिश्वत लेकर संरक्षण देने वाले पुलिस कर्मियों पर किया कड़ी कारवाई की मांग




**मुंबई (मुंबई संवाददाता)** मानखुर्द शिवाजीनगर विधानसभा क्षेत्र का झुग्गी झोपड़पट्टी बाहुलय इलाकों मे बढ़ते नशे के प्रभूत के कारण चरम पर पहुँच चुके अपराधिक गतिविधियों पर पूरी तरह से पुलिस प्रशासन अंकुश लगाने मे नाकाम साबित हो चुकी है।

गौरतलब हो की साठेनगर से लगे पार्किंग के लिए एक बड़ा रिक्त सरकारी भूखंड पर स्थानीय भूमाफियाओ द्वारा अवैध तरीके से हजारों गाड़ियों से डेब्रिज डालकर अवैध झोपड़पट्टी दुकान, मकान , गोदाम सहित नशे के सौदागरो को पुलिस संरक्षण देकर उन्हें पालने का कार्य करने का आरोप साठे नगर की आंदोलन कारी महिलाओ ने लगाया।

बताते है की दो दिन पूर्व ही इलाके के एक युवक का रात साडे तीन बजे हुए मडर के विरोध मे मानखुर्द पुलिस स्टेशन का घेराव किया था. कहा जाता हैं कि रहीवासिया इलाके मे बड़े पैमाने पर शुरू आनैतिक गतिविधियों को रहीवासिया इलाकों मे सुचारु रूप से संचालित करने वालों को पुलिस अधिकारियों पर कड़ी कारवाई की मांग पोलिस महकमे के आला अधिकारियों से लगाते हुए जगह उन्हे रिश्वत लेकर संरक्षण देने का कार्य करने का आरोप आंदोलनकारी महिलाओ ने लगाया है ।

जिसपर इस मामले मे मानखुर्द पुलिस ठाणे के वरिष्ठ अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है कोई बोलने को तैयार नहीं है। उल्लेखनीय तौर पर आंदोलनकारी महिलाओ ने मीडिया के कैमरे के सामने झोपडा बनाकर बेचने वालें आसमाजिक तत्वों भूमाफियाओ,नशा बेचने वाली नसरीन नामक महिला माफिया सहित उनके एक और साथी का नाम का उल्लेख करते ही कहा की पोलिस क्यों नहीं इनके उपर कारवाई करती है, क्यों उनको संरक्षण देकर सरकारी जामिनो पर झोपड़े मकान दुकान गोदाम बनाकर कब्जा कर झोपड़े बनाकर बेचने मे लगे है तो दूसरी ओर झोपड़पाटी के युवाओ के हाथो मे आसानी से वाईट नर लोशन सूंघने के लिए उपलब्ध करवाकर खुले आम बगैर कानून के डर के चलते बेचने मे लगे है। इनपर क्यों नही कारवाई पुलिस कर रही है

# धारावी बेचने निकली वर्षा गायकवाड...

## धारावी का विकास अभी नहीं तो कभी नहीं - सांसद राहुल शेवाले

### राज्य सरकार से राहुल शेवाले ने वर्षा गायकवाड की एस आई टी से जांच की की मांग...



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** धारावी के पुनर विकास को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष मे मानों जंग छी गई है। जिसको एक दूसरे पर आरोपों की झाड़ी लगाकर रखी है ।गौरतलब हो की शिंदे गुट मे शामिल हुए पूर्व कांग्रेस पार्टी के नगरसेवको हाजी बब्बू खान, शकील अहमद शेख, भास्कर शेट्टी सब एक मंच पर नजर आये। पूर्व नगरसेवक शकील अहमद खान के जनसंपर्क कार्यलय का उदाघाटन का अवसर था। जिसपर उदाघाटन कार्यक्रम मुख्या अतिथि के तौर पर शिंदे गुट दक्षिण मध्य मुंबई के शिवसेना सांसद राहुल शेवाले के हाथों संपन्न हुआ।

सांसद राहुल शेवाले ने मंच पर से मुंबई कांग्रेस अधक्ष्य वर्षा गायकवाड सहित धारावी बचाव संघर्ष समिति के उपर जमकर निशाना साधा। शेवाले ल्ली कहा की पिछले 40 वर्षो से धारावी पर पूर्व सांसद , मंत्री रहे स्वाएगीय एकनाथ गायकवाड, '४१ वर्षा गायकवाड ने कभी विकास नहीं किया ।यहाँ तक की महाविकास आघाडी सरकार के पूर्व उपमुख्या मंत्री उद्धव ठाकरे ने अपने ढाई वर्षो मे कभी धारावी का विकास करने के बारे मे नहीं सोचा है तो फिर आज क्या करेंगे। अडानी का नाम रेडेलॉपमेंट मे सामने आते ही धारावी बचाव संघर्ष समिति विरोध मे आगे आई है ।शिवसेना सांसद धारावी के रेडेवलोपमेंट का विकास करने वालों का 10 प्रतिशत कमीशन लगा हुआ है ।जिसके लिए धारावी का विकास के विरोध मे 16 तारिक को महाविकास आघाडी सहित धारावी बचाव संघर्ष समिति का आंदोलन है। यह आंदोलन धारावी करो के लिए नही है बल्की वर्षा गायकवाड अपने आप को एस.आई. टी.जांच से बचाने के लिए कर रहे है ।

# शिवसेना विधीमंडल पार्टी के प्रतोद पद पर हुई विधायक मंगेश कुंडलकर की नियुक्ति

## समर्थको मे छाई खुशी की लहर ...



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)**
**शिवसेना मुख्यनेता**

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के आदेश पर हिवाली अधिवेशन मे शिवसेना विधिमंडळ पार्टी के प्रतोद पद पर कार्यभार संभाल लिए है। जिसकी एक बानगी कुर्ला पूर्व विभाग प्रमुख, विधायक मंगेश कुंडलकर अपने कार्यलय मे बैठकर काम करते दिखाई दे रहे है ।वहीं दूसरी ओर मंगेश कुंडलकर जी की नियुक्ति पर उनके समर्थको मे खुशी की लहर दौड़ गई है ।

कहा जाता है की मंगेश कुंडलकर की जनता के बीच मे बढ़ते जनसंपर्क के कारण कार्य सम्राट विधायक के तौर पर निर्वाचन क्षेत्र की जनता के बीच जाने जाते है ।बताते है की अपने दूसरे विधायिकी कार्य काल मे कुर्ला पूर्व विधानसभा क्षेत्र का चेहरा मोहरा बदलने मे बहुत बड़ा योगदान रहा है।

# 'इस साल 10 महीनों में 2,366 किसानों ने दी अपनी जान'... विधानसभा में मंत्री का दावा

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र से किसानों की मौतों को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। यहां इस साल जनवरी से अक्तूबर के बीच करीब ढाई हजार किसानों ने अपनी जान ले ली।

महाराष्ट्र के राहत एवं पुनर्वास मंत्री अनिल भाईदास पाटिल ने गुरुवार को विधानसभा को बताया कि सरकार को एक रिपोर्ट मिली है उसके अनुसार राज्य में इस साल 10 महीनों में 2,366 किसानों ने आत्महत्या की है।

संसद भवन में बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले के बाद वहां की सुरक्षा व्यवस्था पर तमाम सवाल उठ रहे हैं। हर कोई सख्ते में आ गया है। नागपुर में राज्य विधानमंडल का सत्र चल रहा है। ऐसे में महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विजिटर पास जारी नहीं करने का फैसला लिया है। इस बीच, यहां के एक मंत्री का कहना है कि सदन के सदस्यों और सदन के बाहर के लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है।




# नाबालिग लड़के की हत्या कर शव को दफना दिया

## पुलिस को तीन सप्ताह बाद मिली कामयाबी



**भिवंडी :** शहर में झगड़े के बाद एक नाबालिग लड़के की हत्या करने, उसके शव को दफनाने और फिर लगभग तीन सप्ताह तक फरार रहने के आरोप में नारपोली पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है. नारपोली पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक भरत कामत ने कहा, ''आरोपियों की पहचान आयुष वीरेंद्र झा, मनोज नारायण टोपे, संतोष सत्यनारायण तातिपामुल, अनिकेत तुकाराम खरात और शिवाजी धनराज माने के रूप में हुई है. पांचों पर 16 वर्षीय योगेश रवि शर्मा की हत्या का आरोप लगाया गया है. इनमें से कुछ लोगों का योगेश रवि शर्मा के साथ झगड़ा हुआ था और उन्होंने उसे खत्म करने की साजिश रची थी.

25 नवंबर की शाम करीब 7.30 बजे लड़के ने अपनी मां को बताया कि वह पास के ठाणे क्रीक के पास जा रहा है, लेकिन वह घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी बंद हो गया. सभी संभावित स्थानों पर उसकी तलाश करने के बाद, मां ने आखिरकार 28 नवंबर को स्थानीय पुलिस में गुमशुदगी और संदिग्ध अपहरण की शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने कई टीमें गठित की, जो लड़के का पता लगाने के लिए कई स्थानों पर गईं, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली. टीमों ने चुपचाप उनके दोस्तों झा, टोपे और खरात की गतिविधियों पर भी नजर रखी और पता चला कि लड़के की कुछ दिन पहले झा के साथ झड़प हो गई थी.

टेक-इंटेल और मुखबिरों के स्थानीय नेटवर्क को तैनात किया गया. पुलिस ने पाया कि 25 नवंबर को पांच आरोपियों ने कथित तौर पर लड़के को ठाणे क्रीक के रेटिबंदर इलाके में बीयर पार्टी के लिए आमंत्रित किया था. उसे मारने की उनकी योजना से अनजान, लड़का उस स्थान पर गया जहां उसने झा और टोपे के साथ बियर का आनंद लिया. बाद में दोनों ने अन्य तीन खराट, तातिपामुल और माने और अन्य को एकांत स्थान पर बुलाया. वे आए और अकेले लड़के को पकड़ लिया. उसके साथ जबरदस्ती की और फिर उस पर चाकू से कई वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

झा और टोपे ने स्वीकार किया कि अंधेरे की आड़ में उन्होंने पास में एक गड्ढा खोदा और वहां से भागने से पहले अपराध के सभी सबूत मिटाने के लिए उसे दफना दिया. बाद में पुलिस ने लड़के के आंशिक रूप से क्षत-विक्षत शव को बाहर निकाला और उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इस घटना से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृह जिले ठाणे में शोक की लहर दौड़ गई.

# दोहरा लाभ लेने वाले आदिवासियों की जांच करेगी समिति...

## प्रलोभन देकर हो रहा कर कन्वर्जन - मंगल प्रभात लोढ़ा



**नागपुर :** मतांतरण कर दोहरा लाभ पाने वाले आदिवासियों के मुद्दे पर महाराष्ट्र के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने एक समिति बनाने की बात कही है। उन्होंने विधान परिषद में कहा कि जो आदिवासी मतांतरण करते हैं, उन्हें अल्पसंख्यक समुदाय और अनुसूचित जनजाति के सदस्य के रूप में भी लाभ मिलता है।

उन्होंने दावा किया कि कई आदिवासियों का जबरदस्ती और प्रलोभन देकर मतांतरण कराया जा रहा है। मतांतरण आदिवासी संस्कृति को खोखला कर देता है। लोढ़ा ने कहा कि ऐसे दोहरे लाभ पाने वाले व्यक्तियों को सूची से हटाने के लिए सेवानिवृत्त कुलपति की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जाएगी। इसमें सभी राजनीतिक दलों के सदस्य होंगे।

वह भाजपा विधायकों निरंजन डावखरे और प्रवीण दरेकर द्वारा लाए गए एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे, जिसमें मतांतरण करने वाले आदिवासियों को अनुसूचित जनजाति सूची से हटाने और उनके लिए आरक्षण लाभ वापस लेने की मांग की गई थी। इस मुद्दे पर तीखी बहस भी हुई।

# शरद पवार गुट को बड़ा झटका ! बीजेपी में शामिल होंगे कर्जत के पूर्व विधायक सुरेश लाड





**मुंबईः** महाराष्ट्र के राजनितिक गलियारे से एक और खबर सामने आ रही है। अभी अभी आयी खबर के अनुसार शरद पवार के गुट का एक नेता बीजेपी में शामिल हो जायेगा। अजित पवार के विधायकों के विद्रोह से शरद पवार के गुट को एक और झटका लगा है, जो पहले से ही बिखरा हुआ था। कर्जत के पूर्व विधायक पवार का साथ छोड़कर बीजेपी में शामिल होने जा रहे हैं। यह पार्टी प्रवेश समारोह नागपुर में संपन्न होगा। शरद पवार गुट के पूर्व विधायक सुरेश लाड बीजेपी में शामिल होने जा रहे हैं। उनका पार्टी प्रवेश समारोह शनिवार को नागपुर में होगा. लाड कर्जत निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व विधायक हैं। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, लोक निर्माण मंत्री रवीन्द्र चव्हाण की मौजूदगी में यह दल प्रवेश करेगा।

# डोंबिवली में पिल्लों के भौंकने पर मालिक को पीटा गया...



**डोंबिवलीः** डोंबिवली के पास भोपर देसलेपाड़ा इलाके में गुरुवार सुबह घर के बाहर घूमने के लिए छोड़े गए पिल्लों पर भौंकने पर मोहल्ले के दो लोगों ने पालतू कुत्तों के मालिक की पिटाई कर दी. पिटाई करने वाला कराटे मास्टर है। मालिक ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में दो लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. आरोपियों के नाम कराटे खिलाड़ी अभिषेक गणपत पेंडुरकर (40) और निखिल विश्वनाथ जाधव (26) हैं। वे देस्लेपाड़ा इलाके के मयूरेश्वर मंदिर, लोढ़ा हेरिटेज इलाके में रहते हैं। कुत्तों की देखभाल करने वाले मालिक का नाम इकबाल शाह (49) है। वह एक रिक्शा चालक है. पुलिस ने कहा कि शिकायतकर्ता इकबाल ने गुरुवार सुबह अपने पालतू कुत्तों को टहलने के लिए बाहर छोड़ा था। इस समय इकबाल अपने रिक्शे से सुरक्षात्मक कपड़ा हटाने में व्यस्त था। इसी दौरान आरोपी अभिषेक, निखिल उस इलाके से गुजर रहे थे. इसी दौरान घूमने के लिए छोड़ा गया कुत्ता अचानक निखिल और अभिषेक पर भौंकने लगा.

कुत्तों के भौंकने पर मालिक इकबाल ने उन्हें नहीं रोका। इसलिए दोनों आरोपियों ने अपने मन में गुस्सा रखते हुए इकबाल की थप्पड़ों से पिटाई कर दी. वे पास में मौजूद धारदार तलवार जैसा हथियार लेकर इकबाल को मारने दौड़े। इकबाल ने भागकर घर में शरण ली। दोनों ने उनका पीछा किया. इकबाल के बंद घर का दरवाजा लात मारकर तोड़ दिया और घर में घुस गये। अभिषेक, निखिल ने घर में घुसकर इकबाल समेत उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। वे वहां से भाग गये. मानपाड़ा पुलिस ने इकबाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली है। सहायक पुलिस निरीक्षक ज्ञानोबा सूर्यवंशी जांच कर रहे हैं. आरोपियों के पास तलवार जैसे हथियार क्यों थे? वे कहां ले जा रहे थे, इसकी जानकारी पुलिस कर रही है।

# पालघर शहर की वायु गुणवत्ता गिरी... कई लोग सांस संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं




**पालघर :** पालघर शहर में चल रही निर्माण परियोजनाओं और शहर के निकट राष्ट्रीय परियोजनाओं के कारण पालघर शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक बढ़ गया है जिसके कारण कई नागरिकों में अस्थमा और श्वसन संबंधी बीमारियाँ बढ़ गई हैं। खास बात यह है कि कोई भी सरकारी तंत्र हवा की गुणवत्ता बनाए रखने पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है और प्रदूषित हवा का खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा देखा गया है कि कई नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को अचानक खांसी और फिर अस्थमा की बीमारी हो गई है, और पर्यावरण में बदलाव, तापमान में कमी और हवा में धूल-मिट्टी में उल्लेखनीय वृद्धि इसके कारण हैं, शहर के बाल रोग विशेषज्ञों और डॉक्टरों के अनुसार।

# समुद्र तट पर तेज गति से आ रही कार पलटने से युवक घायल, चालक के खिलाफ मामला दर्ज




**बोईसरः** समुद्र तट पर तेज गति से कार चलाना और स्टंट करना युवाओं में लोकप्रिय हो गया है. गुरुवार शाम चिनचानी तट पर एक तेज रफ्तार कार का पिछला टायर फटने से कार पलट गई, जिससे पांच युवक मामूली रूप से घायल हो गए। इस संबंध में वानगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है. दहानु तालुक में चिनचानी समुद्र तट पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय है। अपने स्वच्छ, सुंदर और लंबे समुद्र तटों के कारण यह स्थान हमेशा स्थानीय और विदेशी पर्यटकों से भरा रहता है। गुरुवार की शाम बोईसर के शैलेश अमरजीत यादव (21) नामक ड्राइवर और उसके साथ चार युवक अपनी अर्टिगा कार **(MH48 BT7526)** को समुद्र तट पर तेज गति से चलाकर स्टंट कर रहे थे। जब ये युवक स्टंट कर रहे थे तो कार का पिछला टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में कार सवार युवक को मामूली चोटें आईं। हादसा होते ही कार सवार तीन युवक भाग निकले। इस मामले में वनगांव थाने में चालक शैलेश यादव के खिलाफ समुद्र तट पर वाहन चलाने पर प्रतिबंध के बावजूद तेज गति से वाहन चलाकर दुर्घटना करने का मामला दर्ज किया गया है.

# महाराष्ट्र महादेव ऐप मामलाः मुंबई अपराध शाखा ने अभिनेता साहिल खान समेत 4 को किया तलब






**मुंबई :** महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने अभिनेता साहिल खान और तीन अन्य लोगों को शुक्रवार को उनके बयान दर्ज करने के लिए तलब किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में कुछ वित्तीय और रियल इस्टेट कंपनियों तथा विवादास्पद महादेव सट्टेबाजी ऐप के कर्ताधताओं के बीच कथित अवैध लेनदेन की जांच के लिए मुंबई पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी के एक अधिकारी ने कहा कि महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में खान और 31 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ जांच चल रही है। तफ्तीश में उनके बैंक खातों, मोबाइल फोन, लैपटॉप और सभी तकनीकी उपकरणों की जांच शामिल है। उन्होंने कहा कि अपराध शाखा ने साहिल खान, उनके भाई सैम खान, हितेश खुशलानी और एक अन्य आरोपी को तलब किया है। अधिकारी के अनुसार, उन्हें मुंबई अपराध शाखा में एसआईटी के अधिकारियों के समक्ष उपस्थित रहने को कहा गया है। फिल्म 'स्टाइल' और 'एक्सक्यूज मी' में काम कर चुके साहिल खान अब फिटनेस विशेषज्ञ बन गए हैं।




# जूना पेंशन योजना लागू करने को लेकर सरकार सकरात्मक - एकनाथ शिंदे

## विधानसभा में दिया निवेदन... कर्मचारियों से हड़ताल न करने का आवाहन



**नागपुर :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा की सरकारी कर्मचारियों की जूना पेंशन योजना लागू करने की मांग को लेकर सरकार सकरात्मक है. पेंशन को लागू करने के लिए सरकार ने सुबोध कुमार की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी जिसकी रिपोर्ट आ चुकी है. वरिष्ठ अधिकारीयों से चर्चा करने के बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा. गुरुवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री निवेदन दिया एकनाथ शिंदे बताया की जूनी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर सरकारी कर्मचारियो ने 14 दिसंबर को पूरे राज्य में हड़ताल करने की घोषणा की थी इसमें से कई संगठन ने अपनी मांग को लेकर हड़ताल भी शुरू कर दिया है. हड़ताल के एक दिन पहले 13 दिसंबर को हमने विभिन्न संगठनों और कर्मचारियों को चर्चा के लिए बुलाया था .इस बैठक में मेरे साथ उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उपस्थित थे शिंदे ने कहा की बैठक में चर्चा के दौरान हमने कर्मचारियों को पूरी तरह आश्वाश्त किया है की जूनी पेंशन योजना को लागू करने के लिए सरकार सकरात्मक है. मुख्यमंत्री ने कहा की कर्मचारियों की मांगो पर सरकार ने सकारात्मक विचार किया है. इसलिए हड़ताल कर रहे कर्मचारियों और संगठनों से मेरा निवेदन है की वे हड़ताल खत्म कर दे उन्होंने कहा की महाराष्ट्र सिविल सेवा पेंशन, 1982 के तहत 31 मई 2005 से पहले विज्ञापित या अधिसूचित पदों और नियुक्तियों को शामिल करने का प्रस्ताव मंजूरी के लिए कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। इससे राज्य के करीब 26 हजार अधिकारियों और कर्मचारियों को फायदा होगा. वहीं, 80 साल से अधिक उम्र के पेंशन लाभर्थियों को अतिरिक्त पेंशन देने का प्रस्ताव मंजूरी के अंतिम चरण में है। शिंदे ने कहा केंद्र के अनुसार सेवानिवृत्ति मृत्यु लाभ की सीमा बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है ।

# महाराष्ट्र में मचा सियासी बवाल...

## दाऊद के करीबी के साथ पार्टी कर रहे थे शिवसेना-UBT नेता! BJP ने की गिरफ्तारी की मांग...



**मुंबई :** शिवसेना-यूबीटी नेता सुधाकर बडगुजर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बता दें कि भाजपा नेता नितेश राणे ने 1993 बम ब्लास्ट के आरोपी दाऊद इब्राहिम के करीबी पार्टनर सलीम कुट्टा के साथ सुधाकर बडगुजर कथित तौर पर पार्टी कर रहे थे।इस पार्टी के फोटो और वीडियो साक्ष्य सदन के नेता को सौंप दिया है। वहीं, नितेश राणे ने तत्काल प्रभाव से सुधाकर बडगुजर की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि सुधाकर बडगुजर का इन लोगों के साथ क्या लिंक हैं? इसकी जांच की जानी चाहिए। इस मामले में सुधाकर बडगुजर के राजनीतिक आका की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी तमाम मांगें सुनने के बाद उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एसआईजी जांच का एलान किया और जल्द ही अब जांच शुरू हो जाएगी।

**क्या है पूरा मामला ?**

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि दाऊद इब्राहिम का करीबी सलीम कुट्टा पेरोल के आखिरी दिन एक पार्टी की थी। इस पार्टी में शिवसेना-यूबीटी गुट के नासिक महानगर पालिका प्रमुख सुधाकर बडगुजर भी शामिल हुए। बकौल एजेंसी, नितेश राणे ने पार्टी की तस्वीर दिखाते हुए सुधाकर बडगुजर को गिरफ्तार किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस पार्टी की वीडियो भी मेरे पास है जिसमें दारू पार्टी चल रही है और तमाम लोग नाच-गा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने, आशीष शेलार सहित तमाम सदस्यों ने जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि आतंकियों के साथ अगर राजनीतिक दलों के प्रमुख लोग अगर पार्टी करने लग गए तो हमारा देश और राज्य सुरक्षित नहीं है।ऐसे में उप मुख्यमंत्री ने इस तमाम विषय पर एसआईटी जांच की बात कही है और जल्द ही दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

## लहसुन चुराने के आरोप में कर्मचारी की पीट-पीटकर हत्या, IPC की धारा 302 के तहत मामला दर्ज; दुकानदार गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई से अजीबो-गरीब एक मामला सामने आ रहा है। मुंबई के बोरीवली में एक दुकानदार ने बस इस बात पर कर्मचारी की जमकर पिटाई कर दी क्योंकि उसने दुकान से लहसुन चुराई। दुकानदार ने कर्मचारी की को इतनी बुरी तरह मारा की उसकी मौत हो गई। कर्मचारी की पहचान पंकज मंडल के नाम से हुई है।मुंबई पुलिस ने आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस आगे की जांच जारी है।

## 85 लाख चुकाए सिर्फ 18 हजार मिले, वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ऑनलाइन ठगी



**वसई:** साइबर अपराधियों ने टेलीग्राम पर विभिन्न कार्यों को पूरा करने का लालच देकर वसई में एक इस्मा से 84 लाख रुपये की उगाही की है. दुनिया भर में होटलों के नामांकन (रेटिंग) के लिए घर बैठे पैसा दिलाने का लालच दिया गया। 85 लाख का भुगतान करने के बाद, वादी को केवल 18,000 वापस मिले। 59 वर्षीय वादी सागरशेत, वसई पश्चिम में रहती है। अप्रैल महीने में उनके पास जान्हवी पटेल नाम की महिला का फोन आया। महिला ने घर बसल्या कामवा (घर से काम) की पेशकश की। कहा गया था कि अगर आप ट्रिवागो कंपनी की वेबसाइट पर जाकर दुनिया भर के अलग-अलग होटलों को नॉमिनेट (किराए पर) कराएंगे तो आपको पैसे मिलेंगे।

## महिला जज ने सीनियर पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

# CJI को पत्र लिखकर मांगी इच्छा मृत्य... CJI ने मांगी रिपोर्ट



**नई दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में तैनात एक महिला न्यायिक अधिकारी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर एक जिला न्यायाधीश पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।साथ ही, उसने अपना जीवन सम्मानजनक तरीके से समाप्त करने की अनुमति मांगी है। इसके बाद सीजेआई को जांच की स्थिति पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय प्रशासन से रिपोर्ट की मांग करनी पड़ी।

**पोस्टिंग के दौरान हुआ उत्पीड़न और दुर्व्यवहार**

महिला न्यायिक अधिकारी ने अपने दो पन्नों के पत्र में, सीजेआई से बाराबंकी में अपनी पोस्टिंग के दौरान अपने करियर में हुए दुर्व्यवहार और उत्पीड़न के बाद अपना जीवन समाप्त करने की अनुमति मांगी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस पत्र में महिला ने लिखा, ''मुझे अब जीने की कोई इच्छा नहीं है। पिछले डेढ़ साल में मुझे एक चलती-फिरती लाश बना दिया गया है।इस निष्प्राण और निर्जीव शरीर को अब इधर-उधर ढोने का कोई उद्देश्य नहीं है। मेरे जीवन का कोई उद्देश्य नहीं बचा है। कृपया मुझे अपना जीवन सम्मानजनक तरीके से समाप्त करने की अनुमति दें।''शीर्ष अदालत के सूत्रों के मुताबिक, सीजेआई के आदेश के तहत सुप्रीम कोर्ट के महासचिव ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल से आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) के समक्ष न्यायिक अधिकारी की कार्यवाही की स्थिति के बारे में पूछा है।

**पहले शीर्ष अदालत ने खारिज की याचिका**

महिला न्यायाधीश ने पहले शीर्ष अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की थी, जो न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई थी। पीठ ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी थी कि आंतरिक शिकायत समिति के पास पहले से ही मामला है और एक प्रस्ताव पारित हो चुका है, जो इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी के लिए लंबित है।

## मुंबई पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का किया भंडाफोड!

# 462 पासपोर्ट के साथ 2 गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने विदेश में नौकरी का झांसा देकर सैकड़ों बेरोजगारों को ठगने के आरोप में एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस आरोप में एक मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी के आवास पर तलाशी के दौरान नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के 462 पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। विदेश में नौकरी दिलाने का वादा कर सैकड़ों बेरोजगारों को ठगने में कथित संलिप्तता के आरोप में मुंबई संचालित नौकरी रैकेट के एक मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा ने मुख्य आरोपी को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के निवासी पतित पाबन पुनिन हलदर (36) और उसके सहयोगी मोहम्मद इलियास शेख मंसूरी (49), जो उस राज्य के कमरहाटी के मूल निवासी हैं, को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही मुंबई पुलिस इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अपराध शाखा की यूनिट-5 ने पश्चिम बंगाल में जाल बिछाया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि जांच टीम ने हलदर के आवास से नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के 462 पासपोर्ट भी बरामद किए। अपराध शाखा ने अब तक 462 पासपोर्ट बरामद किए हैं और 23 बैंक खाते जब्त किए हैं जिनका इस्तेमाल वित्तीय लेनदेन के लिए किया गया था क्योंकि गिरोह के सदस्यों ने ओमान, सऊदी अरब, दुबई, कतर, रूस और अजरबैजान में नौकरी देने के लिए प्रत्येक बेरोजगार व्यक्ति से 40,000 से 60,000 रुपये एकत्र किए थे।


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com